सत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्य॰)**
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
18संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016.
**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQs)**
*An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India*
18, Institutional Area, S.J.S Marg, New Delhi-110016.
Tel.: 011-26521841
Website: www.kvsangathan.nic.in

F.No.11029/2026/KVS (HQ)/Acad/C-44292 Date: 22.09.2026

**उपायुक्त**
**सभी क्षेत्रीय कार्यालय**
**केंद्रीय विद्यालय संगठन**

**विषय: राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (NVBDD) 2026 का आयोजन – दिनांक 17.09.2026 से 02.10.2026 तक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान – संबंध में।**

महोदया/महोदय,

मुझे निर्देश हुआ है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अवर सचिव द्वारा दिनांक 08.09.2026 को प्रेषित पत्र के माध्यम से **राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (NVBDD) 2026** के आयोजन तथा दिनांक **17.09.2026 से 02.10.2026** तक चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के संबंध में दी गई जानकारी से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु इसे प्रेषित किया जाए।

I am directed a letter received from Under Secretary to the Government of India, Department of School Education & Literacy, Ministry of Education, Government of India, vide letter dated 08.09.2026, regarding observance of **National Voluntary Blood Donation Day (NVBDD) 2026** and the nationwide awareness campaign being undertaken from **17.09.2026 to 02.10.2026**, for information and necessary action.

2. राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (NVBDD) प्रत्येक वर्ष **01 अक्टूबर** को स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने तथा नियमित, स्वैच्छिक एवं निःशुल्क रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। वर्ष 2026 में NVBDD का आयोजन **"मानवता की एक बूँद। रक्त दें। जीवन बचाएँ।"** विषयवस्तु के साथ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना तथा रक्त की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता के संबंध में जन-जागरूकता उत्पन्न करना है।

National Voluntary Blood Donation Day (NVBDD) is observed annually on **01 October 2026** to honour voluntary blood donors and promote a culture of regular, voluntary and unpaid blood donation. The NVBDD 2026 is being observed with the theme **"One Drop of Humanity. Give Blood. Save Lives."** The campaign aims to promote voluntary blood donation and generate awareness regarding the critical need for blood.

3. अतः अनुरोध है कि **17.09.2026 से 02.10.2026** तक चलने वाले अभियान की जानकारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी केंद्रीय विद्यालयों तक पहुँचाई जाए तथा उन्हें उपयुक्त **जागरूकता एवं जनसंपर्क गतिविधियाँ** आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

Therefore it is requested to disseminate the campaign among all Kendriya Vidyalayas under the Region and encourage them to undertake suitable **awareness and outreach activities** during the campaign period from **17.09.2026 to 02.10.2026**.

4. केंद्रीय विद्यालयों को **01.10.2026** को संलग्न हिंदी एवं अंग्रेजी प्रतिज्ञा प्रारूपों का उपयोग करते हुए **प्रतिज्ञा गतिविधि** आयोजित करने तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता से अन्य उपयुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए।

The Kendriya Vidyalayas may also be encouraged to undertake the **pledge activity on 01.10.2026** using the Hindi and English pledge templates enclosed herewith, and to organize other appropriate awareness programmes involving students, teachers, parents and the community.

5. इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त अभियान संबंधी संदेश, प्रतिज्ञा एवं अन्य **आईईसी (IEC) सामग्री** को **केवीएस तथा केंद्रीय विद्यालयों के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों** के माध्यम से, जहाँ उपयुक्त हो, व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए, ताकि इस अभियान के संबंध में अधिक से अधिक जागरूकता उत्पन्न हो तथा **जनभागीदारी** को प्रोत्साहित किया जा सके।

Further, the campaign messages, pledge and other IEC material received from the Ministry of Health & Family Welfare may be **widely disseminated through the official social media platforms of KVS and the Kendriya Vidyalayas**, as appropriate, with a view to creating greater awareness and encouraging **Jan Bhagidari** in the campaign.

भवदीय,

22.9.26

(विनोद कुमार)
उपायुक्त (शैक्षिक)

संलग्नक: यथोपरि।

प्रतिलिपि:

1. आयुक्त, के.वि.सं. मुख्यालय के निजी सचिव को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त (शैक्षणिक), के.वि.सं. मुख्यालय के निजी सचिव को सूचनार्थ।
3. सहायक संपादक, प्रकाशन विभाग, के.वि.सं. (मुख्यालय), नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि NVBDD का व्यापक प्रचार-प्रसार के.वि.सं. मुख्यालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर किया जाए।